जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण पर राष्ट्रीय सम्मेलन

स्रोत: पी.आई.बी

पेयजल और स्वच्छता विभाग ने हाल ही में लखनऊ, उत्तर प्रदेश में**जल जीवन मिशन** तथा **स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण SBM-(G) पर** एक **राष्ट्रीय सम्मेलन** का आयोजन किया।

- इसका उद्देश्य **'ग्रामीण WASH क्षेत्र में स्थाई समाधान की दिशा में एक एकीकृत दृष्टिकोण'** सुनिश्चित करना था।
- प्रतिकृति और स्थिरता पर वार्ता को बढ़ावा देते हुए सम्मेलन में राज्यों ने अपनी प्रस्तुतियों में विभिन्न क्षेत्रों की पहलों और प्रगति पर अंतर्दृष्टि प्रदान की।
    - संबद्ध क्षेत्र में राज्य के उल्लेखनीय प्रयासों में केरल की**प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (PWM) पहल**, **तमिलनाडु की सड़क निर्माण में प्लास्टिक का उपयोग** और **बिहार का शौचालय क्लिनिक** शामिल हैं।
- **जल, स्वच्छता और हाइजीन (WASH) हस्तक्षेपों** का उद्देश्य सुरक्षित जल तथा स्वच्छता तक मूलभूत, दीर्घकालिक एवं स्थाई पहुँच प्रदान करना है जो सकारात्मक स्वच्छता प्रथाओं को बढ़ावा देता है जिससे जल से संबंधित रोग संचरण का जोखिम कम होता है।

और पढ़ें...वैश्विक स्तर पर असुरक्षित पेयजल, साफ-सफाई और स्वच्छता का बढ़ता प्रभाव, स्वास्थ्य विज्ञान और स्वच्छता

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-conference-on-jal-jeevan-mission-and-swachh-bharat-mission-grameen